अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में रोकथाम, जागरूकता, शीघ्र निदान और रोगियों के लिये गुणवत्तापूर्ण देखभाल सुनिश्चित करने के माध्यम से थैलेसीमिया से लड़ने हेतु हितधारकों को एकजुट करने के लिये **8 मई को अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस मनाया गया।**

- अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस 2024 की थीम, **"जीवन को सशक्त बनाना, प्रगति को गले लगाना: सभी के लिये न्यायसंगत और सुलभ थैलेसीमिया उपचार, (Empowering Lives, Embracing Progress: Equitable and Accessible Thalassaemia Treatment for All)"** का फोकस उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना है।
- अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के दौरान रोग की व्यापकता को कम करने के साधन के रूप में **प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (Reproductive and Child Health- RCH)** कार्यक्रम में **अनिवार्य थैलेसीमिया परीक्षण** के **एकीकरण** की आवश्यकता को बढ़ावा दिया गया।
    - **RCH कार्यक्रम** [मातृ एवं शिशु मृत्यु दर](#) **तथा** [कुल प्रजनन दर](#) में **कमी के लिये** RCH लक्ष्य प्रदान करने हेतु [राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (National Health Mission- NHM)](#) के सहयोग से वर्ष 2005 में शुरू किया गया एक **व्यापक फ्लैगशिप कार्यक्रम** है।
- इस कार्यक्रम में इस बात पर ज़ोर दिया गया कि भारत में लगभग **1 लाख** [थैलेसीमिया के रोगी](#) हैं और प्रत्येक वर्ष **लगभग 10,000 नए मामले सामने आते हैं**। सामान्य जनसंख्या के मध्य थैलेसीमिया के विषय में व्यापक जागरूकता बढ़ाना ज़रूरी है।

[//](#)

और पढ़ें: [सकिल सेल रोग और थैलेसीमिया के लयि कैसगेवी थेरेपी]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-thalassemia-day